| |
|---|
| दिनांक 20.09.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 484/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## लखनऊ में 912 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को मिला उत्तर प्रदेश पुलिस में सेवा का अवसर

आज दिनांक 20-09-2026 को लखनऊ के लोकभवन स्थित सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस के 912 नवनियुक्त उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर **पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री राजीव कृष्ण** द्वारा **मुख्य अतिथि मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 को प्लांटर एवं भगवान श्री गणेश की प्रतिमा भेंट कर स्वागत** किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, अपर मुख्य सचिव गृह श्री संजय प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था श्री अमिताभ यश सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, नवनियुक्त अभ्यर्थी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उ0प्र0 पुलिस में नवचयनित 912 अभ्यर्थियों में से निम्न 20 अभ्यर्थियों 1-**श्री अमित सिंह** — अमेठी, 2-**सुश्री रिया मौर्या** — बाराबंकी, 3-**सुश्री नीलम निषाद** —कानपुर नगर, 4-**सुश्री दर्शना बाजपेयी** —लखनऊ, 5-**श्री विशाल कुमार गोंड** —वाराणसी, 6-**श्री आलोक कुमार पाल** — कानपुर देहात, 7-**श्री अनुराग खटीक** — झांसी, 8-**श्री मोहम्मद आमिर** — मैनपुरी, 9-**श्री सिद्धार्थ सक्सेना** — जालौन, 10-**श्री आदर्श कुमार जैन** — झांसी, 11-**श्री रजत गुप्ता** — लखीमपुर खीरी, 12-**सुश्री अंजू भारती** — उन्नाव, 13-**श्री अभिषेक सिंह चौहान** — रायबरेली, 14-**श्री सागर चौरसिया** — महाराजगंज, 15-**श्री मनीष यादव** — मेरठ, 16-**श्री विकास कुमार पटेल** — प्रतापगढ़, 17-**श्री धीरेंद्र सिंह** — बांदा, 18-**श्री संजीव वर्मा** —लखनऊ, 19-**श्री सिद्धार्थ श्रीवास्तव** —लखनऊ, 20-**श्री हिमांशु शुक्ला** —लखनऊ को नियुक्ति-पत्र प्रदान कर उन्हे शुभकामनाएं दी गयी।

**मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी** ने अपने सम्बोधन में सभी 912 नवचयनित पुलिस उपनिरीक्षक गोपनीय, सहायक उपनिरीक्षक लिपिक एवं सहायक उपनिरीक्षक लेखा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण चयन प्रक्रिया केवल अभ्यर्थी और उसके परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि शासन एवं आमजन के बीच विश्वास का प्रतीक भी होती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में व्यापक सुधार करते हुए पारदर्शिता एवं शुचिता को प्राथमिकता दी।

मा0 मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इन्हीं सुधारों का परिणाम है कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में 9.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा में अवसर प्राप्त हुआ है। आज 912 अभ्यर्थियों का निष्पक्ष चयन इसी बदली हुई भर्ती व्यवस्था का उदाहरण है।

मुख्यमंत्री जी ने पुलिस के मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण क्षमता के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता लगभग 6,000 से बढ़कर 60,000 पुलिस कार्मिकों को एक साथ प्रशिक्षण देने तक पहुँच गई है। महिला पुलिस कार्मिकों की संख्या भी बढ़कर 44,000 से अधिक हो गई है।

मुख्यमंत्री जी ने पुलिस के आधुनिकीकरण एवं तकनीकी क्षमता-विकास के अंतर्गत उत्तर प्रदेश स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट की स्थापना, प्रत्येक रेंज में फॉरेंसिक लैब, सात शहरों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली, यूपी एसएसएफ एवं एसडीआरएफ के गठन तथा पीएसी की क्षमताओं के विस्तार का उल्लेख किया। साथ ही प्रत्येक जिले में साइबर थाना और प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने की जानकारी दी।

उन्होंने नवचयनित पुलिसकर्मियों से ईमानदारी, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा की भावना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपेक्षा व्यक्त की। साथ ही, तकनीकी बदलावों के अनुरूप स्वयं को निरंतर दक्ष बनाने, टीम भावना के साथ कार्य करने तथा आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस की गरिमा एवं कार्यकुशलता को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान **वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री, उ0प्र0 श्री सुरेश खन्ना जी** ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने पारदर्शी चयन प्रक्रिया में अपनी योग्यता, परिश्रम एवं क्षमता के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा केवल पद और अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य एवं जिम्मेदारी है। पुलिस सेवा में फरियादियों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता एवं न्यायपूर्ण व्यवहार रखते हुए ईमानदारी, समयबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा को कार्यशैली का आधार बनाएं।

**पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश** ने अपने सम्बोधन में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले 912 चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि वे एक कठिन, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार-मुक्त चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं योग्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने के लिए आभार व्यक्त किया तथा चयनित अभ्यर्थियों के माता-पिता एवं परिवारजनों को भी बधाई दी।

उन्होंने कहा कि नव-नियुक्त उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) एवं सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) की भूमिका उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रशासनिक, अभिलेखीय, वित्तीय एवं गोपनीय व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि गोपनीय शाखा में गोपनीयता एवं विश्वसनीयता, लिपिक संवर्ग में अभिलेखों की शुद्धता, कार्यकुशलता एवं समयबद्धता तथा लेखा संवर्ग में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। नियुक्ति पत्र को उन्होंने केवल सरकारी सेवा में प्रवेश का प्रमाण-पत्र न होकर उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली को मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बताया।

पुलिस महानिदेशक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे आधुनिक संसाधनों एवं तकनीकी सुविधाओं से 'SMART Police, SMART Office और SMART Office Assistant' की परिकल्पना साकार हो रही है। नव-नियुक्त अभ्यर्थियों के आधारभूत प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण 06 अक्टूबर 2026 से प्रारंभ होगा, जिसमें 06 माह का

संस्थागत एवं 03 माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में कार्यात्मक कौशल, विषय ज्ञान एवं व्यवहार कौशल पर विशेष बल दिया जाएगा। पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय) का प्रशिक्षण PTC मुरादाबाद, सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) का प्रशिक्षण PTS सीतापुर एवं PTS मेरठ तथा सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) का प्रशिक्षण PTS जालौन में होगा।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 से 31 अगस्त 2026 तक उत्तर प्रदेश पुलिस में अराजपत्रित श्रेणी के विभिन्न पदों पर 2 लाख 26 हजार 258 सीधी भर्तियाँ तथा 1 लाख 54 हजार 572 पदोन्नतियाँ प्रदान की गई हैं। वर्तमान में भी लगभग 35 हजार पदों पर सीधी भर्ती तथा 9,457 पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया प्रचलित है।

पुलिसकर्मियों के लिए आवासीय एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 के उपरान्त 74 थानों के आवासीय भवन, पुलिस लाइंस में 24 ट्रांजिट हॉस्टल, 60 पुरुष हॉस्टल एवं 62 महिला हॉस्टल का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि उद्देश्य ऐसा बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है, जहाँ पुलिसकर्मियों को आवश्यक संसाधन, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण एवं संस्थागत समर्थन प्राप्त हो।

अंत में पुलिस महानिदेशक ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि **“आज आपका चयन हुआ है, कल से आपकी जिम्मेदारी शुरू होगी।”** उन्होंने सरकारी सेवा को अधिकार के साथ कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व का दायित्व बताते हुए अभ्यर्थियों से **मेहनत, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान** किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल सेवाकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।









| |
|---|
| दिनांक 20.09.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 485/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद बागपत/थाना सिंघावली अहीर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 19.09.2026 को थाना सिंघावली अहीर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना कोतवाली बागपत क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त ओमबीर को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली बागपत पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिंघावली अहीर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–ओमबीर निवासी ग्राम बिहारीपुर थाना कोतवाली जनपद बागपत।

## जनपद सुलतानपुर/थाना कादीपुर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 19.09.2026 को थाना कादीपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त मनोज कुमार उर्फ शिवानन्द को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कादीपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मनोज कुमार उर्फ शिवानन्द निवासी राईबीगो थाना कादीपुर जनपद सुलतानपुर।

## कमिश्नरेट कानपुर नगर/थाना शिवराजपुर

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 19 हजार 500 रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 एक्सयूवी कार आदि बरामद**

दिनांक 20.09.2026 को थाना शिवराजपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मेनावती मार्ग से 05 अभियुक्तों 1–शिवम कुमार उर्फ माडल 2–मयंक उर्फ ऋषि 3–आयुष 4–अनुज 5–आसिफ को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 19 हजार 500 रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 एक्सयूवी कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.09.2026 को थाना शिवराजपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना शिवराजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना शिवराजपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिवम कुमार उर्फ माडल निवासी मोडलडेरी थाना बिठूर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

2–मयंक उर्फ ऋषि निवासी बगदौदी बांगर थाना बिठूर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

3–आयुष निवासी बगदौदी बांगर मंधना थाना बिठूर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

4–अनुज निवासी गुन्नूपुरवा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

5–आसिफ निवासी दर्जियाना मोहल्ला कस्बा व थाना चौबेपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 19 हजार 500 रूपये नगद।

2–घटना में प्रयुक्त 01 एक्सयूवी कार आदि।

## जनपद सम्भल/थाना असमोली

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट/चोरी की पीली धातु (20 ग्राम) व 12 हजार 600 रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 19.09.2026 को थाना असमोली व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर मनौटा बाजार तिराहे के पास से 03 अभियुक्तों 1–इरफान उर्फ भोला 2–नदीम उर्फ कट्टलू 3–आरिफ उर्फ भुक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट/चोरी की पीली धातु (20 ग्राम) व 12 हजार 600 रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त इरफान उर्फ भोला के विरूद्ध जनपद सम्भल, रामपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त नदीम उर्फ कट्टलू के विरूद्ध जनपद सम्भल के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग एवं अभियुक्त आरिफ उर्फ भुक के विरूद्ध जनपद सम्भल के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना असमोली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इरफान उर्फ भोला निवासी ग्राम आगां थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद।

2–नदीम उर्फ कट्टलू निवासी ग्राम आगां थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद।

3–आरिफ उर्फ भुक निवासी टोड़ा भीम जनपद करोली राजस्थान।

**बरामदगी**

1–लूट/चोरी की पीली धातु (20 ग्राम) व 12 हजार 600 रूपये नगद।

2–02 अवैध तमंचा विभिन्न बोर मय जीवित कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद चन्दौली/थाना अलीनगर

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ 20 लाख रूपये कीमत के 775 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक व 01 ब्रेजा कार आदि बरामद**

दिनांक 20.09.2026 को थाना अलीनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एनएच–19 सिन्धीताली पुल के पास से 05 अभियुक्तों 1–गुलाम 2–शेख खालिद 3–साबिर आलम 4–रजाउद्दीन 5–ओम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ 20 लाख रूपये कीमत के 775 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक व 01 ब्रेजा कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अलीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गुलाम निवासी हुकरहा, थाना दरियापुर, जनपद छपरा (सारण), बिहार।

2–शेख खालिद निवासी मुन्डाई, थाना मुन्डाई, जनपद केंद्रपाड़ा, उड़ीसा।

3–साबिर आलम निवासी भगवती, थाना बाराचट्टी, जनपद गया बिहार।

4–रजाउद्दीन निवासी मरकेण्डा, थाना पालाजोरी, जनपद देवघर झारखंड।

5–ओम निवासी ओडोगा, थाना ओडोगा, जनपद नयागढ़ उड़ीसा।

**बरामदगी**

1–लगभग 01 करोड़ 20 लाख रूपये कीमत के 775 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–घटना में प्रयुक्त 01 ट्रक व 01 ब्रेजा कार आदि।

## जनपद अयोध्या/थाना मवई

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **74 किलो 675 ग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त 01 वरना कार बरामद**

दिनांक 20.09.2026 को थाना मवई व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एनएच–27 मवई चौराहा ओवर ब्रिज के पास से 02

अभियुक्तों 1–कृष्ण गोपाल 2–अरविन्द कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 74 किलो 675 ग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त 01 वरना कार बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मवई पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–कृष्ण गोपाल निवासी यहियागंज थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ।

2–अरविन्द कुमार निवासी ग्राम बूड़नपुर मोतीघारपुर थाना बसखारी अम्बेडकरनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–74 किलो 675 ग्राम अवैध गांजा।

2–घटना में प्रयुक्त 01 वरना कार।

————————